हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए




dku live

वर्ष : 01 अंक–201 : जौनपुर, गुरुवार 13 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने की अफसरों की तारीफ : बैठक कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा

लखनऊ ब्यूरो : उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहा माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अधिकारियों की तारीफ की और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री योगी ने यूपीएसटीएफ के साथ, यूपी डीजीपी, स्पेशल डीजी और पूरी पुलिस टीम की सराहना की। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने इस एनकाउंटर की जानकारी मुख्यमंत्री योगी को दी। इस पूरे मामले की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी को सौंप दी गई है। इस पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बिल्कुल भी समझौता नहीं करेंगे। एक–एक माफिया को मिट्टी में मिलाकर ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि एक अपराधी का ऐसा अंजाम बताता है कि माता–पिता को ध्यान रखना चाहिए कि वो बच्चों को अपराधी नहीं बनाएंगे और उन्होंने अपराधी नहीं बनाया होता तो अतीक के बेटे का भी ऐसा अंजाम नहीं होता। केशव ने ट्वीट कर भी कहा कि यूपीएसटीएफ को बधाई देता हूं। उमेश पाल एडवोकेट और पुलिस के जवानों के हत्यारों का यही हश्र होना था। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। उसे कठोर से कठोर सजा मिलेगी। योगी सरकार जनता को सुरक्षित शासन देने के लिए प्रतिबद्घ है। अतीक अहमद का पुत्र असद उमेश पाल



हत्याकांड में फरार चल रहा था और पांच लाख रुपये का इनामी था। असद अपने साथी मकसूद के साथ एसटीएफ की मुठभेड़ के दौरान ढेर हो गया। बृहस्पतिवार दोपहर एसटीएफ के डिप्टी एसपी नरेंद्र कुमार एवं डीएसपी विमल कुमार की अगुवाई में एसटीएफ को असद के झांसी से होकर गुजरने की सूचना मिली थी। एसटीएफ टीम ने उसे परीक्षा पावर के पास घेर लिया। एसटीएफ के घेरते ही ही असद ने अपनी विदेशी राइफल से गोली चलाई। एसटीएफ ने भी जवाब में फायर किए। एसटीएफ की गोली लगने से असर मौके पर ही मारा गया।

## यूपी में बड़े पैमाने पर बनेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स के क्षेत्र में लीडर बनाने के लिए योगी सरकार ने ईवी नीति के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। सरकार का उद्देश्य सिर्फ ईवी मैन्युफैक्चरिंग को ही बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि ईवी का इस्तेमाल कर रहे नागरिकों को समुचित चार्जिंग की सुविधा मिल सके, इस दिशा में भी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना को लेकर नीति के प्रावधानों के अनुसार नगर विकास विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। नगर विकास विभाग ने प्रदेश में चार्जिंग सुविधाओं के लिए सेवा प्रदाताओं की भूमि अवश्यक्ताओं की पूर्ति के साथ ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान (सीईएमपी) को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 17 नगर निगम वाले शहरों में भी जल्द से जल्द विस्तारित किए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के फास्ट ट्रैक डेवलपमेंट के लिए नगर विकास विभाग के नेतृत्व में कार्यकारी समूह का भी गठन कर लिया गया है। स्वीकृत चार्जिंग स्टेशंस को मिलेगी सुविधा नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ईवी नीति के अधीन नोडल संस्था इन्वेस्ट यूपी द्वारा स्वीकृत चार्जिंग स्टेशनों के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। ईवी नीति के अनुसार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए सरकारी संस्थाओं को भूमि 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे या लीज पर उपलब्ध कराई जाएगी। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए विद्युत मंत्रालय के मानकों के अनुसार निर्धारित रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल इसका आधार होगा। पट्टा अवधि, रेवेन्यू शेयरिंग रेट एवं अन्य निर्धारित मानकों को समय–समय पर अपडेट किया जाएगा। इसी तरह चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने क लिए निजी संस्थाओं को भूमि समान रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर प्रदान की जाएगी। ऐसी संस्थाओं का चयन सेवा शुल्क को बिडिंग पैरामीटर रखते हुए निविदा आमंत्रित करते हुए न्यूनतम सेवा शुल्क के आधार पर किया जाएगा,जिससे उपभोक्ताओं को न्यूनतम चार्जिंग शुल्क देना होगा। ऐसी निजी संस्थाओं को विद्युत मंत्रालय व आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा समय–समय पर अधिसूचित अन्य दिशानिर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। स्मार्ट सिटी मिशन से भी जुड़ेगी परियोजना राज्य सरकार लखनऊ के लिए व्यापक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान (सीईएमपी) तैयार करने में नीति आयोग एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक



के साथ समन्वय कर रही है। इस योजना को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चयनित समस्त 17 नगर निगम वाले शहरों में जल्द से जल्द विस्तारित किया जाएगा, जिसे भविष्य के चरणों में अन्य नगरों में भी विस्तारित किया जाएगा। इसमें परिवहन प्रणाली में परिवर्तन करते हुए चार्जिंग सुविधाओं के विकास के लिए रणनीतिक मार्गों को चिन्हित किया जाएगा। वहीं, इस प्लान के माध्यम से नगरीय स्थानीय निकाय व अन्य सरकारी संस्थाओं को चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए स्थानों एवं भूमि पार्सलों को नियोजित रूप से चिन्हित करने में सरलता होगी। सीईएमपी के अंतर्गत एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा, जिसमें समस्त नगरों में ईवी एडॉप्शन के सभी पहलुओं जैसे चार्जिंग स्टेशनों के स्थल, हरित मार्ग इत्यादि के संबंध में सूचना उपलब्ध होगी। भविष्य में पीएम गति शक्ति योजना से इसका एकीकरण किया जा सकेगा। कार्यकारी समूह करेगा चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का फास्ट ट्रैक विकास यूपी इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग एवं मोबिलिटी पॉलिसी के मानकों के अनुरूप नगर विकास विभाग ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के फास्ट ट्रैक विकास के लिए कार्यकारी समूह की स्थापना कर दी है। यह कार्यकारी समूह मॉडल उप नियमों के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगा तथा राज्य में चार्जिंग/स्वैपिंग सुविधाओं के विकास के साथ–साथ रणनीति को विनियमित करेगा। इसमें नगर विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अध्यक्ष होंगे, जबकि आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव, ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव, परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव, औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव, स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त सदस्य के रूप में शामिल होंगे। निदेशक नगरीय परिवहन निदेशालय इसके सदस्य सचिव होंगे।

## डीएम एसपी ने चुनाव कंट्रोल रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी दिनों में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से चुस्त–दुरुस्त नजर आ रहा है। निकाय चुनाव को निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर आए दिन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के अंदर बनाए गए तमाम मतदान स्थलों मतगणना स्थल का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है तो इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक, डॉ अजय पाल शर्मा द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिला कलेक्ट्रेट परिसर में बने चुनाव कंट्रोल रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक आदेश–निर्देश दिए गए। मतदान से लेकर मतगणना तक कहीं किसी प्रकार की कोई चूक ना हो कोई कमी ना हो इसको लेकर जिला प्रशासन दिन–रात मंथन करने में जुटा हुआ है सभी अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर मतदान को



सकुशल संपन्न कराने में जुटे हुए हैं। जिले में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन काफी सतर्कता बरत रहा है पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा द्वारा द्वारा संबंधित थानों के थानाध्यक्षों को भी अदल बदल कर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील इलाकों में व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त की जा रही हैं संबंधित क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संविधान निर्माता की जयंती



रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई 14 अप्रैल 1891 महू मध्यप्रदेश में जन्में राष्ट्र के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती गुरुवार को नगर के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में 14 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण एक दिन पूर्व अर्थात 13 अप्रैल को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।सर्वप्रथम कालेज के प्रधानाचार्य डॉ वेदप्रकाश द्विवेदी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया ।तत्पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने बच्चों सहित बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं ने उनके बताये मार्ग एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य डॉ द्विवेदी जी ने संविधान निर्माता बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की उन्नति के लिए हम सभी को उनके आदर्शों पर चलने तथा उनके विचार और उनका व्यक्तित्व हम सबके लिए एक प्रेरणास्रोत है ।उन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई में एक अहम भूमिका निभाने के साथ ही सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए संविधान निर्माण की जिम्मेदारी भी उठाई। संविधान निर्माण के साथ ही देश से जाति प्रथा और समाज में कुव्यवस्था को खत्म करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इतिहास प्रवक्ता विनोद प्रताप वर्मा ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी भी देश की उन्नति में महिलाओं का विशेष योगदान रहा है जिस देश में शिक्षित महिलाएं होंगी वह देश सदैव विकास की ओर बढ़ेगा। संविधान निर्माता अंबेडकर ने भारत की साम्यवादी गतिशीलता को सामाजिक रूढ़ियों में बदलाव की शक्ति का रूप दिया और क्रांति की एक नई लहर निर्मित की। साथ ही उन्होंने बाबा साहब के कामों को बताया तथा कामों को आगे बढ़ाते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों/बुराइयों को समाप्त करने की अपील की। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर अंग्रेजी शिक्षक अरुण कुमार वर्मा ने बताया की विश्व की महान विभूतियों में शामिल युग प्रवर्तक डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने विश्व के बदलते वातावरण में एक नई आर्थिक नीति के माध्यम से सामाजिक व आर्थिक क्रांति को विश्व पटल पर रखा उन्होंने अपने चिंतन में मानवता वादी आस्थाओं को सहजता के साथ समेटे हुये है। आज पूरे मानव समाज को उनके विचारों पर सतत विश्लेषण और क्रियान्वयन करने की जरूरत है। भारत के जिससंविधान का प्रारूप उन्होंने बनाया वह पूरे विश्व में अन्य देशों से बड़ा होने के साथ–साथ सर्वश्रेष्ठ भी है। बाबा साहब की जयंती के मौके पर सभी शिक्षक/कर्मचारी एवं छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

## बच्चों के अधिकार एवं लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आर्य कन्या महाविद्यालय हरदोई में बच्चों के अधिकार व बच्चों के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2012 विषय पर हुआ विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन। आज उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राज कुमार सिंह के आदेशानुसार ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में तहसील सदर के अंतर्गत आर्य कन्या महाविद्यालय में बच्चों के अधिकार व बच्चो के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2012 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदोई के अपर जिला जज / सचिव सुधाकर दूबे ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को भारतीय संविधान की प्रक्रति, कानून की अवधारणा, अपराध की प्रकृति, अपराधियों की मनोवृत्ति, विशेषकर बच्चों के सन्दर्भ में एवं बच्चों के विधिक अधिकारों विशेषतः पॉक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की ।वाल उत्पीड़न को रोकने पर चर्चा की ।उन्होंने कहा कि यौन अपराध व्यक्ति के मस्तिष्क से प्रारम्भ होता है, यौन उत्पीड़न की शंका होने पर लड़कियों को आवाज उठाने की जरूरत है, किसी के साथ उत्पीड़न देख उसका विरोध करना चाहिए, समाज में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने की आवश्यकता है ।उन्होंने भरण पोषण व घरेलू हिंसा अधिनियम विषय पर भी चर्चा की ।विशिस्ट अतिथि



के रूप में नायब तहसीलदार अनेक सिंह द्वारा भारतीय संविधान वर्णित मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्यों के बारे में एवं सम्बंधित विषय पर जानकारी देने के साथ साथ महिलाओं के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं व महिला हेल्प लाइन नम्बर 181,तथा वीमेन पावर लाइन नंबर 1090 पर चर्चा की ।प्राचार्या डॉ. सुमन वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया गया ।प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्राओं को बहिर्मुखी व्यक्तित्व को अपनाने की सलाह देते हुए निरन्तर संवाद कायम करने का आव्हान किया ।कार्यक्रम की संचालिका सुश्री प्रियंका आर्य द्वारा कार्यक्रम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला गया ।इस अवसर पर डॉ. सरिता यादव, डॉ. अंजू, डॉ. श्वेता यादव,डॉ. स्मृति सिंह, डॉ. जायरा जैदी, श्रीमती सन्त कुमारी, लिपिक अभिषेक अवस्थी, लीगल एड क्लीनिक दिनेश कुमार पी एल वी कौशल किशोर दीक्षित तथा महाविद्यालय की अधिक संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## रोजा इफ्तार का कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर सैफ हुसैन खान के यहां रोजा इफ्तार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्जन डॉक्टर सैफ हुसैन खान के निवास स्थान जीएचके हॉस्पिटल



पर बीसवीं रमजान दिन बुधवार को रोजा इफ्तार के यह कार्यक्रम में शहर के बड़े नमाजी और परहेज किस्म के के लोगों ने हिस्सा लिया। हाल ही में डॉक्टर सैफ को जिला अस्पताल में कायाकल्प टीम ने अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत भी किया था। खानदानी डॉक्टर सैफ खान के पिता डॉक्टर जीएचके खान उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी रहे हैं। इसके साथ उनकी पत्नी श्रीमती डॉ अंबर खान एक अच्छी स्त्री रोग विशेषज्ञ जिन्हें कई बार सामाजिक कार्यों में पुरस्कृत भी किया गया है। गरीबों के लिए हर तरह से तैयार रहने वाला यह परिवार माना जाता है।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश बने अनुपम यादव



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार में अनुपम यादव को उत्तर प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अनुपम यादव उत्तर प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार का संकल्प भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने में एक अहम भूमिका निभाएंगे और राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार में अहम भूमिका निभाएंगे। संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू देव प्रकाश शुक्ला, राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रमुख सचिव अभिषेक द्विवेदी सहित सभी पदाधिकारियों ने उनके मनोनयन पर बधाई दी है एवं खुशी जाहिर की।

## मवेशियों को बचाने के चक्कर में मां–बेटे झुलसे : मौके पर ही दोनों ने तोड़ा दम

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले में भिटौली थाना क्षेत्र के अमवा भैंसी गांव में बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे धूईहर (मच्छर भगाने के लिए किया गया धुआ) से निकली चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। इस आग में घिरकर मां–बेटे की मौत हो गई। गांव के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, अमवा भैंसी गांव में कौशल्या



देवी की झोपड़ी में धूईहर सुलगा (जलाया) हुआ था। इसी से चिंगारी निकली और आग लग गई। बताया जाता है कि कौशल्या देवी और उनका बेटा रामाआशीष बगल के पक्के मकान में सोए थे। झोपड़ी में मवेशी बंधे थे। धुईहर की चिंगारी से जब आग लगी तो कौशल्या देवी जगी और बेटे को साथ लेकर मवेशियों को झोपड़ी से निकालने लगी। आग की लपट इतनी तेज थी कि मां–बेटे दोनों झोपड़ी में घिर गए। आसपास के लोग जब तक आग पर काबू पाने की कोशिश किए, तब तक दोनों की मौत हो गई। गांव के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

हमारे संकल्प वही हों जिनसे अपना और दूसरों का कल्याण हो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आधुनिक भारत के निर्माता– डॉ. आम्बेडकर

भारतीय संविधान के निर्माताओं में प्रमुख, सामाजिक समरसता के प्रेरक भारतरत्न डॉ.भीमराव रामजी आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू, मध्यप्रदेश में हुआ था। भीमराव जी के पिता रामजी सकपाल व माता भीमाबाई महार जाति के धर्मप्रेमी दम्पति थे जो उस समय अस्पृश्य मानी जाती थी। इस कारण उन्हें प्रारंभिक जीवन में प्रायः असमानता और अपमान का सामना करना पड़ा । आगे चलकर डॅा. आम्बेडकर सामाजिक समता, न्याय, अभिसरण जैसे समाज परिवर्तन के मुद्दों को प्रधानता दिलाने वाले विचारवान नेता बने।

शिक्षा व संघर्ष – जिस समय डॅा. आम्बेडकर जी की शिक्षा का प्रारम्भ हुआ उस समय समाज में इतनी भयंकर असमानता थी कि जिस विद्यालय में वे पढ़ने जाते थे वहां पर अस्पृश्य बच्चों को अलग बैठाया जाता था तथा उनकी शिक्षा पर विद्यालय के अध्यापक ध्यान भी नहीं देते थे न हीं उन्हें कोई सहायता दी जाती थी। उनको कक्षा के अंदर बैठने तक की अनुमति नहीं होती थी । वह संस्कृत पढ़ना चाहते थे लेकिन कोई पढ़ाने को तैयार नहीं हुआ किन्तु शिक्षा के प्रति अपने समर्पण के कारण इन कठिनाईयों को झेलने के बाद भी डा. आम्बेडकर ने अपनी शिक्षा पूरी की। 1907 में मैट्रिक की परीक्षा पास करके उन्होंने बंबई विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। 1923 में वे लंदन से बैरिस्टर की उपाधि लेकर भारत वापस आये और वकालत शुरू की। वे पहले ऐसे अस्पृश्य व्यक्ति बन गये जिन्होनें भारत ही नहीं अपितु विदेशों में भी उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सफलता प्राप्त की।

राजनैतिक व सामाजिक जीवन– 1923 में ही वे बंबई विधानसभा के लिए भी निर्वाचित हुए। 1924 में भीमराव ने निर्धन और निर्बलों के उत्थान हेतु बहिष्कृत हितकारिणी सभा बनायी और संघर्ष का रास्ता अपनाया। 1936 में स्वतंत्र लेबर पार्टी की स्थापना की और 1937 में उनकी पार्टी ने केंद्रीय विधानसभा के चुनावों में 15 सीटें प्राप्त की। इसी वर्ष उन्होनें अपनी पुस्तक, ''जाति का विनाश'' भी प्रकाशित की जो न्यूयार्क में लिखे एक शोध पर आधारित थी। इस पुस्तक में उन्होनें हिंदू धार्मिक नेताओं और जाति व्यवस्था की जोरदार आलोचना की। उन्होनें अस्पृश्य समुदाय के लोगों के लिए गांधी द्वारा रचित शब्द हरिजन की भी पुरजोर निंदा की। यह उन्हीं का प्रयास है कि आज यह शब्द पूरी तरह से प्रतिबंधित हो चुका है। उन्होनें अनेक पुस्तकें लिखीं तथा मूकनायक नामक एक पत्र भी निकाला। 1930 में नासिक के कालाराम मंदिर में प्रवेश को लेकर उन्होंने सत्याग्रह किया। उन्होंने पूछा कि यदि भगवान सबके हैं तो उनके मंदिर में कुछ ही लोगों को प्रवेश क्यों दिया जाता है। अछूत वर्गों के अधिकारों के लिये उन्होनें कई बार कांग्रेस तथा ब्रिटिश शासन से संघर्ष किया।

1941 से 1945 के बीच उन्होंने अत्यधिक संख्या में पुस्तकें लिखीं और पर्चे प्रकाशित किये। जिसमें "थाट आफ पाकिस्तान" भी शामिल है। यह डा. आम्बेडकर ही थे जिन्होनें मुस्लिम लीग द्वारा की जा रही अलग पाकिस्तान की मांग की कड़ी आलोचना व विरोध किया।उन्होने मुस्लिम महिला समाज में व्याप्त दमनकारी पर्दा प्रथा की भी निंदा की। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद वे रक्षा सलाहकार समिति और वाइसराय की कार्यकारी परिषद के लिए श्रममंत्री के रूप में भी कार्यरत रहे। भीमराव को विधिमंत्री भी बनाया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्होने संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाई।

2 अगस्त 1947 को आम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नये संविधान की रचना के लिये बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया । संविधान निर्माण के कार्य को कड़ी मेहनत व लगन के साथ पूरा किया और सहयोगियों से सम्मान प्राप्त किया। उन्हीं के प्रयासों के चलते समाज के पिछड़े व कमजोर तबकों के लिये आरक्षण व्यवस्था लागू की गयी लेकिन कुछ शर्तो के साथ। संविधान में छुआछूत के दण्डनीय अपराध घोषित होने के बाद भी उसकी बुराई समाज में बहुत गहराई तक जमी हुई थी। जिससे दुखी होकर उन्होंने हिंदू धर्म छोड़ने और बौद्धधर्म ग्रहण करने का निर्णय लिया। यह जानकारी होते ही अनेक मुस्लिम और ईसाई नेता तरह– तरह के प्रलोभनों के साथ उनके पास पहुंचने लगे। लेकिन उन्हें लगा कि इन लोगों के पास जाने का मतलब देशद्रोह है। अतः उन्होंने विजयदशमी (14 अक्टूबर 1956) को नागपुर में अपनी पत्नी तथा हजारों अनुयायियों के साथ भारत में जन्मे बौद्धमत को स्वीकार कर लिया।

पत्रकार भी थे डॉ. आम्बेडकर – बाबा साहब ने 1920 में मूकनायक, 1927 में बहिष्कृत भारत,1930 में जनता, 1956 में जनता का ही रूपान्तरित प्रबुद्ध भारत जैसे चार समाचार पत्र भी चलाये थे। उन्होने समाचार पत्रीय लेखन का आरम्भ अंग्रेजी में "बाम्बे क्रानिकल" से किया था। 1924 से बाबासाहब ने अस्पृश्य आंदोलन प्रारम्भ किया। उनके आंदोलन को वैचारिक आधार देने वाला समाचार पत्र मूकनायक था। इस समाचार पत्र में उनके 14 लेख प्रकाशित हुए।

संस्कृत के प्रबल समर्थक थे – संस्कृत भाषा के विषय में बाबासाहब के मन में बहुत आदर था और वह उन्हें सीखने को नहीं मिली।इसका उन्हें अत्यंत दुख था। संविधान समिति में राष्ट्रभाषा में व राज्य व्यवहार की अधिकृत भाषा से संबंधित अनुच्छेद में संस्कृत को राष्ट्र व राज्य व्यवहार की पर्यायी भाषा रखने के बारे में जिन लोगों ने संशोधन सुझाए थे उसमें डॉ. आम्बेडकर भी थे। यह दुर्भाग्य रहा कि ये संशोधन स्वीकार नहीं किया गया।

राष्ट्रीय स्वयेवक संघ और डा. आम्बेडकर– डॉ. आम्बेडकर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पूरी जनकारी थी।संघ के स्वयंसेवको का उनसे नित्य का सम्पर्क था।वे संघ के स्वयंसेवकों से चर्चा किया करते थे। डॉ. हेडगेवार की तरह बाबासाहब की भी धारणा थी कि सामाजिक समरसता निर्माण हुए बिना सामाजिक समता सथापित नहीं हो सकेगी। उनकी मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगडी जी से भी मित्रता थी। ठेंगडी जी ने बाबासाहब को अति निकट से देखा, समझा व परखा था।

वास्तव में डा. आम्बेडकर किसी वर्ग विशेष के नेता नहीं थे। वे सम्पूर्ण भारतवर्ष और सारी मानवता के पथ प्रदर्शक थे। सम्पूर्ण देश उनके कार्यो का ऋणी है तथा रहेगा। वे करोड़ों दलित हिंदुओं के लिए नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत के लिये परम आदरणीय हैं। डॉ. आम्बेडकर एक महान विधिवेत्ता, बहुजन राजनैतिक नेता, बौद्ध पुनरुत्थानवादी होने के साथ– साथ भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार भी थे। उन्हें बाबा साहेब के लोकप्रिय नाम से भी जाना जाता है। बाबा जी का पूरा जीवन हिंदू धर्म की चतुवर्ण प्रणाली और भारतीय समाज में सर्वव्याप्त जाति व्यवस्था के विरुद्ध संघर्षमें बीता। बाबासाहब को उनके महान कार्यो के लिए भारतरत्न से भी सम्मानित किया गया। समाज में सामाजिक समरसता के लिए पूरा जीवन लगाने वाले बाबा साहब का छह दिसम्बर 1956 को देहावसान हो गया।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## धूमधाम से मनी ज्ञान धारा पशु आहार की पांचवी वर्षगांठ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : संडीला इंडस्ट्रियल इस्टेट स्थित ज्ञानधारा पशु आहार निर्माण इकाई में दोहरा जश्न मनाया गया। ज्ञानधारा इडस्ट्री प्रा. लि. के पांच वर्ष पूरे होने व 150 करोड़ वार्षिक टर्न ओवर होने की दोहरी खुशी के साथ एमडी ऋतु अग्रवाल को भारत सरकार व इकनॉमिक टाईम की ओर से पुरस्कृत किए जाने पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इंडस्ट्रियल इस्टेट में स्थित ज्ञानधारा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों, कंपनी के इम्पलाईज व पत्रकारों का फाउंडर व पूर्व चेयरमैन कायमगंज मिथलेश अग्रवाल ने बधाई दी। बताया मिशन व विजन को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने गुणवत्तायुक्त उत्पादों का बनाया। कभी भी और कहीं भी गुणवत्ता के साथ समझाता नहीं किया गया। ऐसे में कंपनी के प्रोडक्ट की डिमांड बढ़ती गई और आज यह मुकाम हासिल हुआ। ज्ञानधारा दूध के एमडी जय अग्रवाल व ज्ञानधारा पशु आहार की एमडी ऋतु अग्रवाल ने कहा उन्होंने भरोसा कमाया है, किसानों का पशुपालकों का भरोसा ही है। ज्ञानधारा 150 करोड़ के टर्न ओवर तक पहुंच गई। ऋतु अग्रवाल ने कहा पांच साल की सफलता और 150 करोड़ का टर्नओवर बड़ी बात है। पर उससे भी बड़ी बात किसानों और पशुपालकों का भरोसा है। उन्होंने हमेशा ही कंज्यूमर और किसानों का प्राथमिकता दी है। यही उनकी सफलता का मंत्र है। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारियां कर्मचारियों ने केक काट कर सेलिब्रेशन किया। इस मौके पर जेवी सिंह, एचपी सिंह, सरिता, भावना सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। ज्ञानधारा ने सलाह पर किया 100 प्रतिशत अमल पशुआहार क्षेत्र में बड़ा नाम कमा चुके डॉ एमआर गर्ग ने बताया ज्ञानधारा इंडस्ट्री की सफलता



का राज उसकी टीम को जाता है। कहा ज्ञानधारा पशु आहार ने कभी भी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया। बताया वो देश की टॉप पशु आहार कंपनियों के साथ काम कर चुके हैं। पर अधिकांश कंपनियां ने उनकी सलाह पर शतप्रतिशत अमल नहीं किया। केवल ज्ञानधारा ने ही 100 प्रतिशत अमल किया जिसका नतीजा कंपनी को भी मिला और पशुपालकों को भी। बताया ज्ञानधारा अब तक पशु काऊ फीड बना रहा था। अब काऊ स्टॅार्टर, काऊ ग्रोथ फीड, सबक्लीनिकल समर फीड, बफर आदि बना रहा है जा इस क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होंगे। ऋतु अग्रवाल को पशुपालन व डेयरी मंत्रालय का सफल उद्यमी एवॉर्ड पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार के पशुपालन अवसंरचना विकास कोष की ओर से दिया जाने वाला सफल उद्यमी पुरस्कार ऋतु अग्रवाल का मिला है। ऋतु अग्रवाल जनपद में पांच वर्ष से पशु आहार उत्पादन की इकाई सफलता पूर्वक चला रही है, जिसका टर्न ओवर 150 करोड़ का हो चुका है। जीएम जेबी सिंह ने बताया पशुपालन व डेयरी मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला व राज्य मंत्री संजीव बालियान ने सफल उद्यमी एवार्ड देकर सम्मानित किया।

## भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष नीरा सिन्हा 'वर्षा' लखनऊ मेयर पद के टिकट की मुख्य दावेदार सूची में शामिल

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊः भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष नीरा सिन्हा 'वर्षा' आगामी निकाय चुनाव में लखनऊ मेयर पद की दौड़ में शामिल हैं । नीरा सिन्हा 'वर्षा' बहुत वर्षों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हुईं हैं । नीरा सिन्हा 'वर्षा' ने लखनऊ मेयर पद के टिकट के लिए आवेदन कर दिया है , उन्हें लखनऊ मेयर पद के लिए मुख्य दावेदार माना जा रहा है । नीरा सिन्हा एक कुशल योग शिक्षिका , सुप्रसिद्ध लोकगीत एवं भजन गायिका हैं तथा उन्होंने परस्नातक की डिग्री भी प्राप्त की है । नीरा सिन्हा का परिवार तथा वे स्वयं शुरू से ही भारतीय जनता पार्टी एवं उसकी इकाइयों के साथ जुड़े रहे हैं । नीरा सिन्हा ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी के सभी आंदोलनों तथा कार्यक्रमों में अपना योगदान दिया है । नीरा सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी में पोलिंग एजेंट के रूप में अपना पहला दायित्व संभाला था उसके बाद उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी समर्पण भावना से कई उच्च पद प्राप्त करते हुए उनके दायित्वों को पूरा किया । भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में उनकी अपनी एक अलग पहचान है जिसे देखते हुए उनके समर्थकों ने उनसे मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए नीरा सिन्हा 'वर्षा' ने लखनऊ मेयर पद के लिए अपना आवेदन कर दिया है । नीरा सिन्हा 'वर्षा' ने बताया कि उन्होंने



अपने भारतीय जनता पार्टी के साथ बिताए हुए सालों को देखते हुए लखनऊ मेयर पद के लिए आवेदन कर दिया है यदि शीर्ष नेतृत्व उन्हें लखनऊ मेयर पद का प्रत्याशी बनाता है तो वे लखनऊ मेयर पद का चुनाव मजबूती से लड़ेंगी तथा विजय हासिल कर भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता का मान बढ़ाएंगीं । नीरा सिन्हा 'वर्षा' ने बताया कि जनता के द्वारा उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है और मेयर पद पर जीत हासिल करने के बाद वे लखनऊ को और बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगीं ।

## राजधानी लखनऊ में रविवार 16 अप्रैल को "रिटेल ट्रेडर्स कॉन्क्लेव" आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ,ओ एन डी सी (ओपेन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स), आर ए आई (रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के संयुक्त तत्वाधान में 16 अप्रैल, रविवार को राजधानी लखनऊ में "रिटेल ट्रेडर्स कांक्लेव" का आयोजन निराला नगर स्थित रेगनेन्ट होटल में किया गया है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया वर्तमान में रिटेल व्यापारियों के सामने अपने व्यापार को बचाने की चुनौती है इसी संदर्भ में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल द्वारा खुदरा व्यापारियों के व्यापार को बचाने के लिए उन्हें ई–कॉमर्स से जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है उन्होंने बताया इस कांक्लेव में रिटेल व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने के लिए, रिटेल व्यापारियों को अपने व्यापार को ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने तथा एमएसएमई में पंजीयन कराने के लाभ की जानकारी देने के लिए ओ एन डी सी द्वारा "रिटेल एमएसएमई एंपावरमेंट प्रोग्राम" का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा तथा व्यापारियों को विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा के तरीके बताए जाएंगे। उन्होंने बताया केंद्र सरकार द्वारा व्यापारियों को एम एस एम इ में शामिल किए जाने के बावजूद अधिकतर व्यापारी इसका लाभ नहीं ले रहे हैं एमएसएमई से जुड़ने के लिए भी व्यापारियों को जागरूक किया जाएगा तथा उसके लाभ बताए जाएंगे एवं मौके पर उनके पंजीयन भी किए जाएंगे। संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया "रिटेल ट्रेडर्स कॉन्क्लेव" में मुख्य अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव श्री अमित



मोहन मौजूद रहेंगे तथा श्री अनिल अग्रवाल डी जी ट्रेनिंग एवं टेलीकम्युनिकेशन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। तथा कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे इसके अतिरिक्त वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डी पी आई टी के निदेशक बी जॉय जॉन, ओएनडी सी के सीईओ शिरीश जोशी, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता "रिटेल ट्रेडर्स कॉन्क्लेव" को संबोधित करेंगे तथा ओ एन डीसी के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को ई–कॉमर्स से जोड़ने की जानकारी दी जाएगी तथा एमएसएमई में पंजीकृत होने के लाभ की जानकारी देते हुए उनको जागरूक किया जाएगा तथा व्यापारियों को वित्तीय सहायता की भी जानकारी दी जाएगी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी एवं नगर अध्यक्ष हरजिण्दर सिंह ने बताया" रिटेल ट्रेडर्स कॉन्क्लेव" में किराना, फार्मेसी ,रेडीमेड गारमेंट, बेकरी ,रेस्टोरेंट, फर्नीचर, सेनेटरी, हार्डवेयर सहित विभिन्न ट्रेड के व्यापारी हिस्सा लेंगे।

## हिंदुस्तान नहीं भुला सकेगा श्रीराम मंदिर निर्माण में गोरक्षपीठ के संघर्ष की दास्तान

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ : गृहमंत्री अमित शाह और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय की घोषणा के बाद से देश–विदेश के लाखों रामभक्तों में यह उम्मीद जगी है,कि जनवरी 2024 में वह भगवान श्रीराम लल्ला के दर्शन उनके मूल स्थान पर कर सकेंगे। आज भले ही मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्भूमि पर उनके मंदिर निर्माण को लेकर लाखों राम भक्त उत्साहित और गदगद हैं। मगर अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए गोरक्षपीठ ने जो संघर्ष किया है। उस दास्तान को यह हिंदुस्तान युगों–युगों तक याद रखेगा,क्योंकि गोरक्षपीठ की पांच पीढ़ियों ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर और उनके अस्तित्व की लड़ाई सड़क से लेकर धर्मसंसद तक लड़ी है। ब्रह्म्मलीन पहले गुरु महंत अवैद्यनाथ,उनके गुरु महंत दिग्विजयनाथ और उनके पहले गुरु ब्रह्मनाथ,योगीराज बाबा गंभीरनाथ एवं महंत गोपालनाथ के समय से ही अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए संघर्ष चला आ रहा था। गोरक्षपीठ के ब्रह्म्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि के लिए 1934 से 1949 तक लंबी लड़ाई लड़ी। 1935 में वह गोरक्षपीठाधीश्वर बने। उनकी अगुवाई में हिंदु समुदाय पहले से और अधिक एकजुट हुआ। वह श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के अगुवा बन गये। वर्ष 1937 में हिंदु महासभा में शामिल होने के बाद उन्होंने आंदोलन को धार देने के लिए हिंदु जनमानस में जोश भरा। नतीजतन अखिल भारतीय राम राज्य परिषद बैनर तले श्रीराम मंदिर आंदोलन और तेज होने लग गया। इस बीच अयोध्या में 22–23 दिसंबर 1949 की रात में रामल्ला प्राक्टय हुये और उनकी मूर्ति वहां पर दिखी तो हजारों की तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना शुरू कर दी। इस दौरान ब्रह्म्मलीन महंत दिग्विजयनाथ पूरी सिद्दत के साथ वहां पर मौजूद रहे। इसके बाद वह अपने जीवन के अंतिम सांस तक भगवान श्रीराम मंदिर की मुक्ति के लिए संघर्ष करते रहे और इस अधूरे सपने के साथ 28 सितंबर 1969 को उन्होंने समाधि ली। उनके बाद महंत अवैद्यनाथ गोरक्षपीठाधीश्वर बने। यह पदवी पाते ही उन्होंने एलान किया,जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर को मुक्त नहीं करा लेते तब तक वह चौन से नहीं बैठेंगे। इसके लिए उन्होंने राजनीति के साथ हिंदु समुदाय के विश्वास को अपना प्रमुख हथियार बनाया और संघर्ष के मैदान में वह उतर पड़े। काफी संघर्ष के बाद उन्हें लगा।



भगवान श्रीराम मंदिर मुक्ति आंदोलन में वह राजनीत के कारण उतना समय नहीं दे पा रहे हैं,जितना देना चाहिये। फिर क्या था? उन्होंने राजनीत से सन्यास ले लिया और पूर्णतया अपने आप को भगवान श्रीराम मंदिर आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया। वर्ष 1984 में देश के सभी शैव–वैष्णव और सभी धर्माचार्यों को वह एक मंच पर लाने में सफल हुये। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन किया गया,जिसके महंत अवेद्यनाथ आजीवन अध्यक्ष रहे। इस दौरान 24 सितंबर 1984 को बिहार के सीतामढ़ी से भगवान श्रीराम जानकी रथयात्रा का आगाज हुआ,जो 6 अक्टूबर 1984 को अयोध्या पहुंची। रास्ते भर राम भक्तों ने रथयात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया। अगले दिन 7 अक्टूबर 1984 को अयोध्या में सरयू नदी के किनारे बने घाटों पर हजारों रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति का संकल्प लिया। 31 अक्टूबर और एक नवंबर 1985 को कर्नाटक के उडुपी में आयोजित धर्म संसद के दूसरे अधिवेशन में 175 संप्रदायों के 850 से अधिक धर्माचार्यों ने जोरदार हुंकार भरी और अल्टीमेटम दिया कि अगर 9 मार्च 1986 से पहले श्रीराम जन्भूमि मंदिर का ताला नहीं खोला गया तो निर्धारित तिथि से वह गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ की अगुवाई में सत्याग्रह करेंगे। बहरहाल 01 फरवरी 1986 को विवादित ढांचे का ताला खोलने का जिला जज ने आदेश दिया और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ की मौजूदगी में ताला खोला गया। वर्ष 1996 में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने योगी आदित्यनाथ को अपने उत्तराधिकारी का दायित्व सौंपा। इसके बाद योगी आदित्यनाथ ने पूरब से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक हिंदु महासम्मेलन और विराट हिंदु समागम कराये। विश्व हिंदु परिषद के नेता अशोक सिंघल ने उनका पूरा साथ दिया। योगी आदित्यनाथ सड़क से लेकर संसद तक भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मंदिर आंदोलन की आवाज बन गये और आज भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और अगले वर्ष प्रधानमंत्री भगवान श्रीराम लल्ला की मूर्ति मूल स्थान पर स्थापित करेंगे। संयोग यह है कि गोरक्षपीठाधीश्वर यूपी के मुख्यमंत्री हैं।

## एमएसीटी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : MACT बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कल दिनांक 12 अप्रैल 2023 को मोतीमहल लान हजरतगंज में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि अमरजीत वर्मा जिला जज एमएससीटी दक्षिणी व रविन्द्र कुमार जिला जज एमएससीटी उत्तरी एवं मुख्य अतिथि अवनीश सिंह पटेल सदस्य विधान परिषद स्नातक क्षेत्र लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि अखिलेश अवस्थी सदस्य बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश एवं जानकी शरण पांडे सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश एवं समस्त सम्मानित अधिवक्तागणों की उपस्थिति में एल्डर कमेटी के चेयरमैन पी०के०सिंह एवं मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। अध्यक्ष नंदकिशोर को जिला जज अमरजीत वर्मा ने शपथ दिलाई महामंत्री अरविंद कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मध्य संजय सिंह व दुर्गेश गुप्ता, उपाध्यक्ष कनिष्ठ सुखदेव कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, संयुक्त मंत्री अश्वनी कुमार , विवेक त्रिपाठी व राजेश शर्मा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार, दिनेश कुमार, शिव प्रताप सिंह ,रूपेश कुमार कोरी, अरविंद कुमार, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ,कनिष्ठ





कार्यकारिणी सदस्य मंगेश कुमार वर्मा, उमेश कुमार प्रजापति , प्रतिज्ञा मिश्रा, जितेंद्र कुमार राव ,आशीष कुमार श्रीवास्तव, नवीन द्विवेदी सभी पदाधिकारियों ने अपने पद की शपथ ली। इसके बाद जिला जज रविन्द्र कुमार ने अधिवक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बार के सदस्य एक साथ रहे और कहा की अधिवक्तागण अच्छा कार्य करें। क्योंकि यादें अच्छे कार्य से ही याद रहती है। इसके अलावा क्लाइंट के हित में न्याय दिलाएं। उन्होंने बताया कि 1998 से लेकर 2009 तक के 104 पुराने मुकदमों का निस्तारण कर दिया गया है।

## सरकार निगमों में छठे वेतनमान के बकाया एरियर का तत्काल भुगतान कराये

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एसएफसी और ईपीएस 95 पेंशनरो की एक सभा आवश्यक वस्तु निगम के मुख्यालय सभागार में संपन्न हुई। जिसमें अनेक निगमों में प्रदेश सरकार द्वारा छठे वेतनमान को विलंब से लागू करने के कारण 2006 से बकाया एरियर्स के तत्काल भुगतान कराने के आदेश निर्गत कराने की माँग की गई क्योंकि अनेक निगम लाभ की स्थिति में तथा स्वयं के साधनों से भुगतान करने की स्थिति में होने के बावजूद शासनादेश के अभाव में निगम कर्मियों और पेंशनरों को एरियर्स का भुगतान नही कर रहे हैं । जबकि अल्प पेंशन के कारण ईपीएस–95 पेंशनरों की आर्थिक स्थिति दयनीय है । सभा में वक्ताओं ने निगम कर्मचारी महासंघ से भी अपील की कि वह इस सम्बंध में आन्दोलन करें और कार्यरत कर्मियों को उच्च पेंशन दिलाने के लिए प्रबंधतंत्र से संयुक्त विकल्प भरवाए। सभा में उच्च पेंशन के ऑनलाइन आवेदन करने में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए एसएफसी के प्रबंध निदेशक संतोष कुमार से वार्ता कर विशेष कैम्प लगाने की व्यवस्था की गयी। सभा को सर्व श्री आर एस नागर अध्यक्ष , राजीव भटनागर महामंत्री, पी के श्रीवास्तव, नरेश सक्सेना, फ्रेडरिक क्रूज, उमाकांत सिंह, गिरेंद्र सिंह, काजिम रजा आदि ने संबोधित किया।

# टॉप टेन अपराधी को हुई जेल जाने कैसे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत थाना पुलिस द्वारा एक शातिर लुटेरा टॉप 10 (सक्रिय अपराधी) दुराचारी मजारिया एच0एस0 अपराधी की जमानत निरस्त करवा कर धारा 309 सीआरपीसी के तहत जेल मे निरुद्ध कराया गया । डॉ0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु जमानतदारो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री आदेश कुमार त्यागी थाना केराकत जौनपुर द्वारा अभियुक्त सुबाष यादव पुत्र घुरहु यादव निवासी बम्बावन थाना केराकत जौनपुर के विरुद्ध थाना केराकत जौनपुर में मु0अ0सं0 199/18 धारा 411/414/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत था जिसमें अभि0 सुबाष यादव उपरोक्त जमानत करा लिया था कि जमानतदार मायाशंकर पुत्र उदयशंकर 2 गिरीश चन्द्र पुत्र फतेहबहादुर निवासी बेलाव थाना केराकत जौनपुर को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुतकर अभियुक्त सुबाष यादव पुत्र घुरहू यादव उपरोक्त की जमानत दिनांक– 12.04.2023 को निरस्त कराया गया और अभियुक्त सुबाष यादव उपरोक्त को धारा 309 सीआरपीसी के तहत जिला कारागार जौनपुर मे निरुद्ध कराया गया । अभियुक्त सुबाष यादव उपरोक्त थाना हाजा का दुराचारी भै 154 ए मजारिया है। आपराधिक इतिहास सुभाष यादव उर्फ धीरज पुत्र घुरहु यादव नि0 बम्बावन थाना केराकत जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 542/16 धारा 394/307/411 भादवि0 थाना केराकत, जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 567/16 धारा 307 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 568/16 धारा 25/27 A Act थाना केराकत जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 1041/16 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना केराकत जौनपुर। 5.मु0अ0सं0 147/18 धारा 392/411 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 6. मु0अ0सं0 189/18 धारा 386 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 7.मु0अ0सं0 193/18 धारा 392/411 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 8.मु0अ0सं0 196/18 धारा 307 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 9.मु0अ0सं0 197/18 धारा 3/25 A Act थाना केराकत जौनपुर। 10.मु0अ0सं0 127/18 धारा 392/411 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 11.मु0अ0सं0 40/16 धारा 323/504/506/307 भादवि0 थाना चौक वाराणसी । 12.मु0अ0सं0 178/16 धारा 382/395/412 भादवि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 13. मु0अ0सं0 647/16 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 14. मु0अ0सं0 174/16 धारा 147/148/302/34 भादवि0 थाना चन्दवक जौनपुर । 15. मु0अ0सं0 201/19 धारा 392/411 भादवि0 थाना चन्दवक जौनपुर। 16. मु0अ0सं0 256/18 धारा 3(1) यू0पी गैंगस्टर एक्ट थाना केराकत जौनपुर। 17. मु0अ0सं0 319/18 धारा 3(1) यू0पी गैंगस्टर एक्ट थाना केराकत जौनपुर। 18.मु0अ0सं0 199/18 धारा 411/419/420/467/468/471 भादवि0 थाना केराकत। 19. मु0अ0सं0 387/19 धारा 42 कारागार अधि0 थाना लाईनबाजार जौनपुर। 20. मु0अ0सं0 1517/17 धारा 394/411 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 21.मु0अ0सं0 235/12 धारा 120B, 201, 201, 302, 302, 394, 411, 414 भादवि0 थाना मडियाहूँ जौनपुर। 22. मु0अ0सं0 59/23 धारा 392 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 23. मु0अ0सं0 76/23 धारा 364/386 भादवि0 थाना केराकत जौनपुर। 24. मु0अ0सं0 48/23 धारा 386 भादवि0 थाना चन्दवक जौनपुर । 25. मु0अ0सं0 49/23 धारा 386 भादवि0 थाना चन्दवक जौनपुर। 26. मु0अ0सं0 79/23 धारा 392 भादवि0 थाना वरदह आजमगढ़। 27. मु0अ0सं0 453/22 धारा 392 भादवि0 थाना चोलापुर वाराणसी। 28. मु0अ0सं0 174/23 धारा 395/397/302 भादवि0 सीटी कोतवाली सतना म0प्र0 । 29. मु0अ0सं0 46/23 धारा 392 भादवि0 थाना कोटर जनपद सतना म0प्र0 । 30. मु0अ0सं0 99/23 धारा 392 भादवि0 थाना अमरपटन जनपद सतना म0प्र0।

# पहले प्रेमिका को फिर खुद को गोली से उड़ाया : दोनों की मौके पर ही मौत

सुल्तानपुर ब्यूरो : थाना हलियापुर के रामपुर बबुआन गांव में बृहस्पतिवार की सुबह दस बजे एक प्रेमी ने प्रेमिका को तमंचे से गोली मार दी जब तक खेत में काम कर रहे लोग कुछ समझ पाते उसने खुद को भी गोली मार ली। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। गांव की रहने वाली रेनू (18) पुत्री राम भवन यादव का गांव के ही गुड्डू प्रजापति (27 ) पुत्र हनुमान से एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों को कई बार परिजनों ने मना भी किया था लेकिन दोनों नहीं माने। पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच दूरी बन गई थी इसे लेकर विवाद चल रहा था। आज सुबह दोनों गांव के बाहर रास्ते पर मिलने पहुंचे थे। दोनों में कहा सुनी हुईं। देखते ही देखते गुड्डू ने रेनू को गोली मार दी। इसके बाद खुद को भी गोली मार ली। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी सोमेन बर्मा मौके पर पहुंचे और जांच की।

# बढ़ रहे तापमान से हीटस्ट्रोक का खतरा : जरा सी लापरवाही होगी जानलेवा

गोरखपुर ब्यूरो : पिछले कुछ दिनों से तेजी से बढ़ रहे तापमान ने मुसीबत खड़ी कर दी है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो इस सप्ताह बढ़कर 42 तक पहुंच सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, तेजी से बढ़ता तापमान हीटस्ट्रोक का कारण बनता है। जरा सी लापरवाही से यह मौसम जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस मौसम में लापरवाही से हीटस्ट्रोक का खतरा 95 फीसदी तक बढ़ जाता है। हीटस्ट्रोक एक ऐसी स्थिति है, जब शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) या इससे ऊपर पहुंच जाता है। ऐसे में शरीर के बढ़े हुए तापमान को समय पर संतुलित नहीं किया जाए, तो यह दिमाग और किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचाता है और मौत का कारण भी बन सकता है। डॉ. राजेश के अनुसार, हीटस्ट्रोक का सबसे अधिक खतरा बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और मोटे लोगों को होता है। बच्चों को स्कूल भेज रहे हैं तो ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। भारतीय मौसम विभाग ने किया सतर्क बीआरडी मेडिकल कॉलेज के डॉ. गगन गुप्ता ने बताया कि इस साल भारतीय मौसम विभाग ने तापमान को लेकर सतर्क किया है। आगाह किया है कि जिले में तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। ऐसे में हीटस्ट्रोक का खतरा अधिक है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को सलाह दी जा रही है कि धूप से बचें और बहुत जरूरी न हो तो दिन में घर से न निकलें। हीटस्ट्रोक से बचना है तो खूब पानी पीएं डॉ. गगन गुप्ता ने बताया कि शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखकर हीटस्ट्रोक से बचा जा सकता है। शरीर में पानी की कमी न होनें दें। प्यास लगने का मतलब है कि आपके शरीर में पानी की कमी है, इसलिए कोशिश करें कि इस मौसम में शरीर को इस स्थिति में न पहुंचने दें। दिन के समय में धूप से दूर रहने की कोशिश करें। बताया कि हीट–स्ट्रोक के कारण वैसे तो सामान्य स्थितियों में बुखार, सिरदर्द और उल्टी जैसी दिक्कतें होती हैं, लेकिन जिस तरह से मौसम में बदलाव हो रहा है कि स्थितियां जानलेवा हो सकती हैं। अभी इमरजेंसी में आ रहे इक्का–दुक्का मरीज हीटस्ट्रोक की चपेट में आने वाले इक्का–दुक्का मरीज ही अभी जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के इमरजेंसी प्रभारी डॉ. शहनवाज ने बताया कि हीटस्ट्रोक की स्थिति में इमरजेंसी इलाज की आवश्यकता होती है। समय पर इलाज न होने से मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है। गंभीर स्थितियों में इलाज न मिलने पर मौत हो जाती है। हीटस्ट्रोक के लक्षण पसीना कम आना, शरीर बहुत गर्म हो जाना, बेचौनी, हांफना, बहुत ज्यादा गर्मी लगना, बेहोशी छाना, क्रैम्प आना, दौरा पड़ना। बचाव के उपाय बहुत जरूरी होने पर पर्याप्त इंतजाम के साथ ही धूप में घर से निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। धूप में छाता और टोपी पहने या फिर गमछा बांधकर चलें। सूती के सुविधाजनक ढीले कपड़े ही पहने। कम से कम 15 सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) का सनस्क्रीन लगाएं। पानी के अलावा नींबू पानी, ताजा जूस और नारियल पानी पीएं।

# गोरखपुर में तैनात हेड कांस्टेबल का फंदे से लटका मिला शव : ड्यूटी को लेकर था तनाव

बस्ती ब्यूरो : गोरखपुर में तैनात 53 वर्षीय हेड कांस्टेबल का फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। कोतवाली क्षेत्र के बेलगड़ी गांव में उनका मकान है, जहां पत्नी, बेटे और बेटी के साथ रहते थे। घर के बाहर के कमरे में पंखे से लटका उनका शव मिला। सूचना पाकर एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, कोतवाल शशांक शेखर राय आदि मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। एएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। इसकी वजह के बारे में छानबीन की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बेलगड़ी निवासी राम निहोर शुक्ल पुत्र चंद्र प्रकाश शुक्ल पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल थे। पिता चंद्र प्रकाश शुक्ल के मुताबिक उनकी तैनाती गोरखपुर एएसपी कार्यालय में थी। जहां से गैर हाजिर होने पर उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया था। मौजूदा समय में पुलिस लाइंस गोरखपुर से देवीपाटन मेले में ड्यूटी पर भेजे गए थे। बुधवार रात नौ बजे ड्यूटी से आने के बाद परिवार के साथ खाना खाकर सो गए। रात साढ़े 11 बजे पत्नी किसी काम से कमरे से बाहर निकलीं तो बरामदे में पंखे से उन्हें लटका देख पांव तले जमीन सरक गई। घर में मौजूद बेटे सौरभ शुक्ल ने पुलिस को सूचना दी। एएसपी ने बताया कि घटना की सूचना गोरखपुर पुलिस को भी दे दी गई है। आईपीएल का मैच देख रहे थे बताया जा रहा है कि रात साढ़े नौ बजे घर आने पर वह कुछ परेशान लग रहे थे। दिल बहलाने के लिए वह काफी देर तक कुत्तों से खेलते रहे। इसके बाद बाहरी कमरे में आईपीएल का मैच देखने लगे। किसी बात पर उनका मूड कुछ उखड़ा हुआ था। 24 वर्षीय बेटे सौरभ को यह कहते हुए पहली मंजिल पर भेज दिए कि उन्हें मैच देखना है। इसके बाद यह घटना हो गई। तीन भाइयों में सबसे बड़े थे राम निहोर शुक्ल मृतक राम निहोर शुक्ल के पिता चंद्र प्रकाश शुक्ल भी पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं। उनके तीन बेटों में सबसे बड़े राम निहोर शुक्ल थे। दूसरे बेटे राम नाथ शुक्ल गांव के पूर्व प्रधान हैं। सबसे छोटे बेटे प्रदीप शुक्ल पुलिस विभाग में कांस्टेबल हैं। जिनकी तैनाती अयोध्या में है। सभी का परिवार अलग–अलग रहता है। पिता चंद प्रकाश शुक्ल और माता गांव के दक्षिण मकान बनाकर अलग रहते हैं। इस घटना से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। माता–पिता रो–रोकर बेहाल अधेड़ बेटे की अप्रत्याशित मौत का सबसे गहरा सदमा उनके वृद्ध माता–पिता को लगा है। वह दोनो रो–रोकर बेहाल हैं। पिता कहते हैं कि उनके बेटे ने बहुत कायराना कदम उठा लिया। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। न जाने ऐसी क्या मजबूरी थी। माता कहती हैं कि ऊपर जाने का समय उनका आया था मगर चला गया बेटा। पिता कहते हैं कि उनका बेटा राम निहोर उन्हें आदर्श मानता था। मगर उसने मेरी सीख नहीं मानी। उसे ऐसे धीरज नहीं खोना था। ड्यूटी को लेकर तनाव में थे राम निहोर शुक्ल 53 वर्षीय राम निहोर शुक्ल की मौत के पीछे की वजह को लेकर कई तरह की बातें की जा रही हैं मगर स्पष्ट तौर पर कोई कुछ नहीं बता पा रहा है। पत्नी पूनम शुक्ल और बेटे सौरभ शुक्ल के मुंह से एक शब्द ही नहीं फूट रहे हैं। कुछ पूछने पर बोल नहीं पा रहे हैं। माना जा रहा है कि उन पर काफी दिनों से ड्यूटी का दबाव था। गोरखपुर तैनाती के दौरान उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया था। वहां से देवी पाटन मेला ड्यूटी में भेज दिया गया था। जिसके बाद वह काफी तनाव में रहने लगे थे। प्रथम दृष्ट्या माना जा रहा है कि ड्यूटी का दबाव वह नहीं झेल पा रहे थे।

# लखनऊ प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा : किया गया भव्य स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई एवं स्वागत मेरा मन होटल हुसैनगंज चौराहा लखनऊ में संपन्न हुआ। लखनऊ प्लाईवुड ट्रेड एसोसिएशन के निर्वाचन अधिकारी हरीराम अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु एक उपाध्यक्ष पांच महामंत्री एक कोषाध्यक्ष एक मंत्री एक सहकोषाध्यक्ष एक कार्यकारिणी 11 सदस्यों का निर्वाचन हेतु 20 मार्च को अधिसूचना जारी की गई थी जिसमें समस्त प्रक्रिया पूर्ण करते हुए। दिनांक 12 अप्रैल 2023 को सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी हरिराम अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर सुरेंद्र नाथ अग्रवाल महामंत्री मनीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष अशोक कुमार केसरवानी सह कोषाध्यक्ष यस अग्रवाल उपाध्यक्ष पद पर सनत जैन विभोर अग्रवाल लव गर्ग कमल गर्ग गिरीश चंद्र अग्रवाल मंत्री संजय अग्रवाल के साथ 11 कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। लखनऊ प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ अग्रवाल ने बताया कि आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश अग्रवाल जी को अंग वस्त्र माला पहनाकर स्वागत किया. और एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश गर्ग चंद्र प्रकाश अग्रवाल जी अंगवस्त्रम माला पहनाकर स्वागत किया। महामंत्री मनीष अग्रवाल ने



बताया कि लखनऊ प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन का चुनाव हर 2 वर्ष पर होता है अपने निर्धारित समय से चुनाव संपन्न हुआ जिसमें प्लाईवुड के सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ चुनाव महोत्सव में भाग लिया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से चुनाव अधिकारी हरी राम अग्रवाल लखनऊ व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश अग्रवाल प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश गर्ग चंद्र प्रकाश अग्रवाल एवं अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ अग्रवाल महामंत्री मनीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष अशोक केसरवानी सहकोषाध्यक्ष यस अग्रवाल विभोर अग्रवाल लव अग्रवाल कमल गर्ग गिरीश अग्रवाल मंत्री संजय अग्रवाल दिनेश कुमार मित्तल अभिषेक जैन रितेश अग्रवाल सूरज प्रकाश वैश्य गोविंद सिंघल स्वर्णिम महेश्वरी,सर्वेश कुमार जायसवाल,अनुराग कुमार अग्रवाल, अनिल राज गुप्ता, विकास पोद्दार, अक्षत अग्रवाल के साथ सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# सतना लूटकांड के आरोपी सुभाष की जमानत निरस्त : मुनीम की हत्या कर लूटे थे 15 लाख रुपये

जौनपुर ब्यूरो : मध्य प्रदेश के सतना में छह मार्च को मुनीम की हत्या कर 22 लाख रुपये लूट की घटना में मुख्य आरोपी सुभाष यादव की जमानत बुधवार को निरस्त कर दी गई। सुभाष गैंग के ही एक 30 हजार रुपये के इनामी आरोपी आनंद सागर को पुलिस ने बक्शा क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान मार्च महीने में ढेर कर दिया था। इस लूटकांड को अंजाम देने वालों में छह बदमाश यूपी के जौनपुर जिले के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, सतना लूटकांड में शामिल मुख्य आरोपी सुभाष यादव केराकत थाना क्षेत्र के बंबावन निवासी है। उसके खिलाफ जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़ और मध्य प्रदेश के सतना में कुल 30 मामले दर्ज हैं। थाने मे टॉप–10 अपराधियों में शामिल सुभाष पर गैंगस्टर भी लगा है। एसपी के मीडिया सेल से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, धोखाधड़ी सहित अन्य मामलों में सुभाष यादव ने जमानत करा लिया था। जिन जमानतदारों का नाम जमानत के दौरान अभिलेख में लगाया गया था उन्होंने न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर बताया



कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। ऐसे में सुभाष की जमानत निरस्त कर दी गई। केराकत थाने के प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी ने बताया कि आरोपी की जमानत बुधवार को निरस्त कर दी गई। फिलहाल सुभाष जेल में है। मुठभेड़ में ढेर हुआ था 30 हजार का इनामी आनंद सागर सतना लूटकांड के आरोपी एवं सुभाष यादव गैंग के सदस्य आनंद सागर के बारे में पुलिस को जानकारी मिली थी कि वह बक्शा क्षेत्र में है। ऐसे में सतना पुलिस और जिले की पुलिस ने संयुक्त रूप से प्रयास करते हुए मुठभेड़ में 16 मार्च को आनंद सागर को ढेर कर दिया था। उसपर 30 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था।

# चुनाव : परंपरागत वोटरों के गणित पर बिछ रही बिसात

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर निकाय चुनाव की घोषणा होते ही अब सबकी निगाहें राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों पर टिक गईं हैं। चुनावी बिसात बिछ चुकी है, अब प्रत्याशी के चेहरे के तौर पर मोहरे उतरने बाकी हैं। दंगल में कौन सा दल, किस पर दांव लगाता है, इसकी चर्चाएं भी शहर में खूब हो रही हैं। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नीति–नियंताओं में टिकट बंटवारे को लेकर रस्साकसी भी चल रही है। जातीय संतुलन बनाने के साथ ही परंपरागत वोटों को साधने की भी चुनौती दलों के सामने है। मेयर से लेकर पार्षद प्रत्याशियों का चयन अब अंतिम प्रक्रिया में है। समाजवादी पार्टी ने बुधवार शाम को अपने मेयर पद के प्रत्याशी की घोषणा कर दी। बसपा और कांग्रेस ने भी मेयर पद पर स्थानीय दावेदारों की स्क्रीनिंग करके पैनल शीर्ष नेतृत्व को भेज दिया है, लेकिन भाजपा में अभी प्रत्याशियों को लेकर दांवपेच जारी है। मेयर चुनाव में अगर मतदाताओं की बात करें तो कुल करीब 10.50 लाख वोटर हैं, जिनमें जातिगत आधार पर सबसे ज्यादा वैश्य और कायस्थ बिरादरी से हैं। पिछले चुनावों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो दो बार वैश्य समाज से मेयर चुने जा चुके हैं। पहले मेयर बने पवन बथवाल वैश्य समाज से आते हैं। उन्होंने कांग्रेस के बैनर तले चुनाव जीता था। इस समाज से वर्ष 2017 में भाजपा से सीताराम जायसवाल मेयर चुने गए। दूसरे नंबर पर सपा के राहुल गुप्ता थे, जो वैश्य समाज से ही आते हैं। इसी तरह ब्राह्मण समाज से डॉ. सत्या पांडेय भी भाजपा से चुनाव लड़कर जीती थीं। जातिगत समीकरण को आधार बनाकर कायस्थ समाज इस बार बहुत उत्साहित है। इस बिरादरी के लोगों का कहना है कि विधायक व मेयर के चुनाव में समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। इस बार सीट सामान्य है और जातीय समीकरण को देखें तो हम करीब 20 फीसदी हैं। उधर, निषाद समाज का भी जातीय आधार पर दावा है। जो दस नए वार्ड बने हैं उनमें पांच वार्ड में तो निषाद समाज की बहुलता है। गोरखपुर विश्वविद्यालय में राजनीतिक विश्लेषक एवं सहायक आचार्य डॉ. महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गोरखपुर की जनता बहुत जागरूक है और मिजाज भी दूसरे जगहों से अलग है। सभी राजनीतिक दलों को नकार कर यहां की जनता ने किन्नर अमरनाथ यादव को चुना था। निकाय चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव है। ऐसे में राजनीतिक दल



जातिगत आधार पर मजबूत प्रत्याशी उतारने के साथ ही अन्य जातियों में अपने परंपरागत वोटों को भी साधने की कोशिश करेंगे। सिर्फ जातीय समीकरण के आधार पर चुनाव नहीं जीता जा सकता है, इसके साथ विचारधारा भी मिलना जरूरी है। नेताओं ने क्या कहा भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि मेयर और वार्ड के प्रत्याशियों के चयन में कई बिंदुओं का ख्याल रखा जाएगा। पहला तो वह पार्टी का कार्यकर्ता हो और सामाजिक स्तर पर उसकी पहचान होनी चाहिए। मेयर के लिए सामान्य सीट होने के चलते जातीय समीकरण भी एक अहम पहलू है। लोकसभा चुनाव भी आने वाला है, उसे भी ध्यान में रखना है कि संतुलन बना रहे। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में सभी पैमानों पर प्रत्याशियों को परखा जाएगा। उसके बाद सूचिबद्ध करके उसे प्रदेश कार्यालय भेज दिया जाएगा। सपा जिलाध्यक्ष ब्रजेश गौतम ने कहा कि हमारी पार्टी की मेयर पद की प्रत्याशी काजल निषाद होंगी। वहीं, वार्ड प्रत्याशियों के चयन में सामाजिक, जातीय पहलू को भी देखा गया। जिले स्तर पर स्क्रीनिंग कर नाम शीर्ष नेतृत्व को भेज दिए गए हैं। अंतिम निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्तर से होना है। स्क्रीनिंग के बाद मेयर के लिए पांच नाम भेजे गए थे। वहीं पार्षद पद के लिए दो–दो नाम भेजे गए हैं। इसी तरह नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भी दो–दो नाम भेजे गए हैं। टिकट के लिए चयन का आधार राष्ट्रीय अध्यक्ष का ही होगा। बसपा जिलाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार नीरज ने कहा कि प्रत्याशियों के चयन में मजबूत और जिताऊ के साथ जातिगत समीकरण का पूरा ख्याल रखा गया है। शहर में जिस बिरादरी की संख्या ज्यादा होती है उसका दबाव ज्यादा होता है। लेकिन, परंपरागत वोटरों को ध्यान में रखकर ही चयन किया जाता है। मेयर पद के लिए अभी चार नाम सामने आए हैं, जो पार्टी मुख्यालय भेज दिए गए हैं। ब्राह्मण समाज, निषाद बिरादरी और मुस्लिम समाज के एक–एक बड़े नेताओं का नाम पार्टी के आला कमान को भेजा गया है। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि मेयर के प्रत्याशी के चयन में कई तरह के समीकरण देखे जा रहे हैं। उम्मीदवार का दमखम, जाति की बहुलता और उसकी लोकप्रियता पर खास फोकस किया गया है। इन्हीं सब पहलुओं को ध्यान में रखकर पांच संभावित प्रत्याशियों का चयन कर शीर्ष नेतृत्व को भेजा गया है। इसी तरह वार्ड के प्रत्याशियों का भी चयन उनके वार्ड की परिस्थितियों को देखकर ही किया जाएगा। शहर के मेयर पद पर कांग्रेस का भी कब्जा रहा है। पवन बथवाल शहर के पहले मेयर बने थे। हमारी कोशिश है कि मजबूत प्रत्याशी उतारें ताकि फिर से कब्जा हो सके।

# माफिया मुख्तार अंसारी पर कसता जा रहा शिकंजा : चाचा समेत अन्य परिजनों की 3.50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

गाजीपुर ब्यूरो : माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों व रिश्तेदारों पर पुलिस प्रशासन की कार्रवाई जारी है। बुधवार को लखनऊ में मुख्तार के चाचा खुर्शेदुल हक अंसारी, चचेरे भाई मंसूर अंसारी और मंसूर की पत्नी आविदा अंसारी की तीन करोड़ 50 लाख रुपये की अचल संपत्ति को गाजीपुर पुलिस ने कुर्क किया। गैंगस्टर एक्ट के तहत यह कार्रवाई हुई। स्थानीय पुलिस के साथ मुनादी कराते हुए संपत्ति की दीवार पर नोटिस चस्पा हुआ। नोटिस में चेतावनी है कि अगर इस संपत्ति पर किसी ने कोई कार्य किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्तार अंसारी, उसके रिश्तेदार और करीबियों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। गाजीपुर जिले के साथ ही अन्य जनपदों में भी उनकी संपत्ति को चिह्नित कर कुर्क किया जा रहा है। मुख्तार के चचेरे भाई मंसूर, चाचा खुर्शेदुल हक अंसारी और मंसूर की पत्नी आविदा ने लखनऊ के डा. वैजनाथ रोड न्यू हैदराबाद मोहल्ला के काल्विन कॉलेज वार्ड में 16 अगस्त 2015 को 284.57 वर्ग मीटर भूमि को 65 लाख 45 हजार 110 रुपये में खरीदा था। मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों की अवैध संपत्तियों की विवेचना कर रहे प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद ने गत 20 मार्च को इस भूमि के संबंध में अपनी आख्या पुलिस अधीक्षक को प्रेषित किया। जिस पर एसपी ने



27 मार्च को अपनी संस्तुति दी थी। जांच में मिला कि इस संपत्ति को मुख्तार अंसारी ने अपने चाचा, चचेरे भाई व उसकी पत्नी के नाम से लिया था। इस संपत्ति को उसने एक गिरोह बनाकर और लोक व्यवस्था को अस्त–व्यस्त करते हुए अवैध तरीके से अर्जित की थी। जिसपर जिलाधिकारी ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क करने का आदेश दिया। जिले से उपनिरीक्षक तरुण श्रीवास्तव दो अन्य पुलिसकर्मियों के साथ लखनऊ पहुंचे और स्थानीय पुलिस की सहयोग से मुनादी कराते हुए कुर्क किया। मुख्तार अंसारी के खिलाफ विभिन्न जनपदों में 58 व उसके चचेरे भाई मंसूर के खिलाफ मऊ में तीन व गाजीपुर में दो मुकदमा पंजीकृत है।

# मऊ–बलिया सीमा के बीच मिला युवक का जला शव : नहीं हो पा रही शिनाख्त : घटना से फैली सनसनी

मऊ मऊ में हलधरपुर थाना क्षेत्र के सकरा ग्राम पंचायत के पास मऊ–गोरखपुर रेलखंड के रेलवे ट्रैक पर एक युवक का जला हुआ शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। शव इतनी बुरी तरह से जला है कि इससे उसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही है। जहां शव मिला है, वहां से बलिया जिले की सीमा महज 50 मीटर है। उधर सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह खेत में काम करने गए किसानों ने देखा कि ग्राम पंचायत सकरा के बिजुली पुरवा के पास से गुजरी रेलवे ट्रैक पर एक शव है। जो कि बुरी तरह से जला हुआ है। इसकी सूचना ग्राम प्रधान के साथ हलधरपुर पुलिस को दी। रेलवे ट्रैक पर शव की जानकारी पर हलधरपुर एसओ बृजमोहन सरोज घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।वहीं घटनास्थल से बलिया जिले की सीमा महज 50 मीटर दूर है। ऐसे में घटना के बाद लोग चर्चा करते दिखे कि कहीं युवक की हत्या कर उसका शव मऊ जिले में तो नहीं फेंका गया है। घटना के संबंध में एसओ ने बताया कि मृतक की उम्र 18 से 20 साल के बीच है, शव के बुरी तरह से जले होने से उसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# भारत गौरव ट्रेन कराएगी धार्मिक स्थलों के दर्शन : मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग से लेकर जाएगी कन्याकुमारी

गोरखपुर ब्यूरो : भारत गौरव ट्रेन धार्मिक स्थलों से लेकर पहाड़ों तक सुंदर स्थानों का दर्शन कराएगी। विशेष पैकेज के तहत पहले आओ पहले पाओ के आधार पर यात्रियों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। ट्रेन मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी मंदिर (तिरुपति), रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम), मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), कन्याकुमारी ले जाएगी। सीपीआरओ पकंज कुमार सिंह ने बताया कि 10 रात और 11 दिनों की यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल से होगी। ट्रेन में गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, ऊंचाहार, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशनों पर उतरने एवं चढ़ने की सुविधा दी जाएगी। ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 49, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 70 एवं स्लीपर श्रेणी के 648 बर्थ सहित कुल 767 बर्थ की सुविधा उपलब्ध है। कहा कि वातानुकूलित द्वितीय क्लास में यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति 47,033 रुपये ,पांच से 11 वर्ष के बच्चे के लिए 45,300 रुपये खर्च करने होंगे। वातानुकूलित तृतीय क्लास के लिए प्रति व्यक्ति 35,408 और पांच से 11 वर्ष के बच्चे के लिए 33,964 रुपये खर्च होंगे। स्लीपर में यात्रा के लिए 21,010 प्रति व्यक्ति और पांच से 11 वर्ष के बच्चे के लिए 19,783 रुपये तय किए गए हैं। पैकेज में ट्रेन यात्रा, तीनों समय के भोजन के साथ होटल में रुकने एवं बसों द्वारा स्थानीय स्तर पर घूमाना शामिल है। ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध है।

# वोकेशनल पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण –कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं हनुमानगढ़ी मंदिर नाका, अयोध्या के बीच तीन साल के लिए एमओयू किया गया। विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में बुधवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल व हनुमानगढ़ी मंदिर नाका, अयोध्या के मंहत रामदास के बीच अनुबंध किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन मंदिर से निकलने वाले फूलों का प्रयोग इत्र बनाने में करेगा। इससे युवाओं में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। मौके पर अविवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वोकेशनल पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए इत्र बनाने की विधि से प्रशिक्षित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के इत्र प्लांट में मन्दिर द्वारा दिए गए पुष्प से इत्र व अन्य सुगन्धित उत्पाद बनाये जायेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित उत्पाद की आपूर्ति भी की जायेगी। कुलपति ने बताया अयोध्या के मंदिरों में प्रतिदिन भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी मात्रा में पुष्प अर्पित किए जाते है। इसके बाद फूलों को इधर उधर निष्तारित कर दिया जाता है। इससे गंदगी एवं प्रदूषण बढ़ने लगती है। इन्हीं फूलों से विश्वविद्यालय के प्लांट में इत्र निर्मित किया जायेगा। हनुमानगढ़ी नाका के महंत रामदास ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा मंदिर में चढ़ाए गए फूल प्राप्त करने के लिए नाका हनुमानगढ़ी से एमओयू किया गया है। मंहत ने बताया कि प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी मात्रा में गेंदा, गुलाब, तुलसी अर्पित किए जाते है। इन्हीं निस्तारित फूलों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराया जायेगा। विश्वविद्यालय के इत्र प्लांट में इत्र एवं अन्य सुगन्धित उत्पाद निर्मित करेगा। पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान संस्थान के प्रो0 जसवंत सिंह ने कहा कि हनुमानगढ़ी मंदिर नाका, अयोध्या के बीच तीन वर्ष के लिए पुनः एमओयू किया गया। मंदिरों से निकलने वाले इत्र मंदिरों में आपूर्ति किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसमें वोकेशनल के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कराने के साथ रोजगारन्मुखी बनाना है। मौके पर मंदिर न्यासी संतोष मिश्रा, वेद प्रकाश, शिव भोला, श्रवण तिवारी, अजय तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रार्थी के खाते से ठगी कर निकाले गये 64,800 रूपये साइबर क्राइम सेल अयोध्या द्वारा कराये गये वापस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रार्थी जीशान अहमद निवासी मखदुमपुर थाना पटरंगा जनपद अयोध्या के द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया जिसमें बताया कि उसे व्हाट्सएप पर पैसे कमाने के लिए गुमराह किया एवं खाते सम्बंधित जानकारी लेकर उसके खाते से 64,800 रूपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत साइबर क्राइम सेल को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसपर साइबर क्राइम सेल द्वारा तवरित कार्यवाही करते हुए कुल 64,800 रूपये पीड़ित के खाते में वापस कराये गये। रूपये वापस होने पर पीड़ित द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# चर्चित डीजल घोटाले में आरोपी पूर्व संविदा चालक गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर कोतवाली पुलिस ने अयोध्या डिपो में हुए चर्चित डीजल घोटाले के मामले में पूर्व में संविदा चालक के पद पर तैनात रहे एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान किया है। प्रकरण में गत वर्ष मामला प्रकाश में आने के बाद बस डिपो के तत्कालीन केंद्र प्रभारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने 30 दिसंबर को संविदा चालक अखंड प्रताप सिंह निवासी इब्राहिमपुर कंदई भाईपुर थाना रौनाही तथा परिचालक बृजेंद्र कुमार शुक्ला निवासी बिशेसरगंज जिला बस्ती के खिलाफ सरकारी धन के गबन की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रकरण में कई कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है तथा तत्कालीन सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को भी निलंबित किया गया था। आरोपी दोनों कर्मियों की संविदा समाप्त कर दी गई थी। बुधवार को नगर कोतवाली अश्वनी पांडेय ने बताया कि दर्ज मामले में एक आरोपी अखंड प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

# पीएसी के जवानों नें बचाई दो नवयुवकों की जान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मीडिया सेल प्रभारी 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी के मुताबिक बुधवार को सामने घाट वाराणसी पर 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की बाढ़ राहत दल (बी दल ) से ड्यूटी में मुख्य आरक्षी राम प्रताप सिंह यादव आरक्षी शत्रुघन यादव व वीर अभिमन्यु ड्यूटी पर तैनात थे। मेडिकल कॉलेज गोरखपुर से आये कुछ नवयुवकों में, अहिल्याबाई घाट पर स्नान करते वक्त अचानक राहुल सोनकर पुत्र अर्जुन सोनकर डूबने लगा, उनको बचाने के लिए उनका साथी जयकरन प्रजापति पुत्र हरेंद्र प्रजापति भी पानी में कूद गया और दोनों डूबने लगे। तत्काल अपनी जान की परवाह किये बिना मुख्य आरक्षी राम प्रताप सिंह यादव, आरक्षी शत्रुघन यादव व वीर अभिमन्यु द्वारा पानी मे कूद कर अन्य साथियों की मदद से उक्त दोनों नवयुवकों को बचा लिया गया एवं तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया। पीएसी के जांबाजों द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की वहां मौजूद लोगों द्वारा अत्यंत प्रशंसा की गयी द्य सेनानायक, 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा उक्त जवानों के इस साहसिक कार्य की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया।

## नरसिंह मंदिर का मास्टरमाइंड आया पुलिस के घेरे में : रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। राय गंज अयोध्या के नरसिंह मन्दिर कांड के मुख्य आरोपी राम शंकर दास के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में कोतवाली अयोध्या में मुकदमा दर्ज किया गया है। लापता श्रीमहंत राम शरण दास की शिष्या किरन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया। मंदिर के लापता महंत की जांच में नया मोड़ आ सकता है। जिले के ईमानदार कप्तान की पहल से कई राज खुल सकते हैं। मंदिर प्रकरण के मास्टरमाइंड की मुश्किलें बढ़ सकती हैं । किरण सिंह ने कहा है कि अपने गुरु महंत श्री राम सरण दास के लापता होने में सलिप्त लोगों के खुलासे के लिए दिन रात एक कर देगी।रायगंज चौकी इंचार्ज स्वतंत्र कुमार मौर्य को मामले की विवेचना करने को मिली है। प्रेम शंकर उर्फ रामशंकर को प्रश्रय देने वालों में मची खलबली मच गई है।

## स्वयं सहायता समूह में भ्रष्टाचार का मामला गरमाया : मुख्यमंत्री से हुई शिकायत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोकुला के जय हनुमान स्वयं सहायता समूह में ब्लॉक कर्मियों द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप करते हुए दखल दिए जाने का मामला प्रदेश के मुख्यमंत्री के दरबार जा पहुंचा है समूह की अध्यक्ष महिला ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए कार्रवाई की गुहार की है। बता दें कि गोकुला ग्राम पंचायत में जय हनुमान स्वयं सहायता समूह के नाम से एक समूह संचालित है। समूह की अध्यक्ष माधुरी पत्नी त्रिलोकीनाथ के ऊपर गबन का आरोप लगा था। जिसमें ब्लॉक, जिला व प्रदेश के संबंधित अधिकारियों ने गांव पहुंच समूह की बैठक करा कर गबन के आरोप में अध्यक्ष पद से माधुरी को हटा दिया था। समूह की सदस्य महिला आरती पत्नी पवन कुमार को समूह के सदस्यों के सर्वसम्मति से बीते 21 अप्रैल 2022 को अध्यक्ष नामित करते हुए गबन के मामले में संलिप्त माधुरी को समूह का सदस्य बना दिया था। समूह की अध्यक्ष आरती द्वारा प्रत्येक सप्ताह समूह की खुली बैठक पांच बार आयोजित की गई, लेकिन समूह के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष माधुरी पत्नी त्रिलोकीनाथ किसी भी बैठक में सम्मिलित नहीं हुई थी। अध्यक्ष आरती ने समूह के अन्य सदस्यों के साथ बैठक कर माधुरी की सदस्यता खत्म कर दिया था। इससे खार खाए समूह से हटाई गई सदस्य माधुरी ने सहायक विकास अधिकारी गौतम वर्मा व तत्कालीन खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार मौर्या से सांठगांठ कर समूह के बैंक खाते की लेन–देन पर रोक लगवा दिया है। जिसके परिणाम स्वरूप एक वर्ष से स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को कोई लाभ नहीं हुआ। जब समूह के सदस्य व अध्यक्ष महिला आरती द्वारा बैंक में खाता खुलवाने की बात सहायक विकास अधिकारी गौतम वर्मा से की जाती रही तो वे सुविधा शुल्क एडवांस मांगते हुए समूह से निष्कासित सदस्य माधुरी को पुनः जोड़ने की शर्त पर खाता खुलवाने की बात कहते रहे। बीते 11 अप्रैल 2023 को खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर, सहायक विकास अधिकारी गौतम वर्मा तथा ब्लॉक के अन्य 3 अधिकारी/ कर्मचारी गांव पहुंच गए व आनन–फानन में लोगों को एकत्र करवा कर एक बैठक करा डाली जिसमें समूह सखी कविता सिंह पर बीडीओ व गौतम वर्मा हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगे। जब उन्होंने हस्ताक्षर करने से मना किया तो पद से हटा देने की धमकी भी दी। समूह के अन्य सदस्यों से जबरिया हस्ताक्षर कराने के बाद समूह के अभिलेख भी अपने साथ लेकर चले गए। कार्यवाही रजिस्टर पर जो उक्त अधिकारियों द्वारा लिखा गया, उसके बारे में भी कुछ नहीं बताया गया है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर मोनिका पाठक से वार्ता की गई तो उन्होंने व्यस्त होने की बात कहते हुए बाद में बात करती हूं की बात कह कर फोन कॉल काट दिया

# रिश्ते की भतीजी के साथ भागे युवक ने की आत्महत्या

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। सीतापुर निवासी एक युवक ने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन स्थित प्लेटफार्म नंबर तीन पर मालगाड़ी की इंजन के सामने लेटकर आत्महत्या कर ली। वह दो दिन पूर्व अपने ही गांव की रिश्ते में भतीजी 16 वर्षीय छात्रा के साथ गांव से फरार हुआ था। प्रकरण में केस सीतापुर के महोली थाने में दर्ज कराया गया था। रेलवे पुलिस ने परिजनों को बुला पोस्टमार्टम के बाद शव उनके हवाले किया है। जीआरपी थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि सीतापुर जनपद के महोली थाना क्षेत्र प्यारेपुर गांव निवासी 27 वर्षीय अंकित वर्मा पुत्र रामसनेही ने प्लेटफार्म नंबर तीन पर मालगाड़ी के आगे कटकर आत्महत्या कर ली। वह अपने ही गांव की एक किशोरी के साथ यहां से लखनऊ जाने के लिए ट्रेन पकड़ने स्टेशन आया था। मामले की छानबीन में पता चला कि मृतक के खिलाफ सीतापुर में किशोरी को बहला–फुसला कर अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज है। मामले की जानकारी परिजनों तथा संबंधित थाना पुलिस को दी गई। महोली थाने के उपनिरीक्षक राधेश्याम के साथ पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव तथा किशोरी को परिवार के हवाले किया गया है। वहीं परिवार के साथ आए उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि किशोरी स्कूल के लिए निकली थी लेकिन फिर वापस नहीं लौटी।

## इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग भी कूदी नगर निकाय के चुनावी मैदान में

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नजमुल हसन गनी की ओर से एक प्रेस नोट जारी किया गया है जिसमें चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा की है (आई यू एम एल) यूपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नजमुल हसन गनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 75 जिलों व नगर पंचायत नगर निगम नगर पालिका का मेयर पार्षद नगर वार्ड मेंबरों का चुनाव में भाग लेगी उत्तर प्रदेश के 75 जिलों को चार भागों में बांटकर नगर निकाय के चुनाव लड़ेगी आगे उन्होंने कहा जिसके लिए निम्नलिखित लोगों को जिम्मेदार बनाया गया है डॉक्टर नजमुल हसन गनी ने कहा कि इच्छुक व्यक्ति जो चुनाव लड़ना चाहता है या चाहती है वह अपने अपने जिला अध्यक्षों के माध्यम से निवेदन कर सकते हैं जो भी जिस पद पर लड़ने का इच्छुक है वह बायोडाटा के साथ निवेदन कर सकता है सिफात अली खान रामपुर मुकीम कुरेशी संभल नवाब आलम आगरा श्रीमती सिमरन खान इशरत हुसैन एडवोकेट मुरादाबाद मोहम्मद यूसुफ खान मेरठ नसीम अहमद लोनी व वकालत हुसैन राजपूत जहीर अहमद गाजियाबाद इदरीस अहमद व निसार अहमद नजीबाबाद इस्तियाक अहमद अंसारी व अतीक अहमद कानपुर जमील अहमद अंसारी उन्नाव मोहम्मद जावेद व अतीक अहमद लखनऊ बाराबंकी शेख मोहम्मद खालिक अयोध्या मेराज अहमद अंसारी अंबेडकरनगर डॉक्टर नूर मोहम्मद अंसारी गोंडा मोहम्मद कैस बहराइच अतीक अहमद व शफकत सलमानी आदि लोगों के पास अपने बायोडाटा के साथ निवेदन कर सकते हैं उत्तर प्रदेश में अगर कोई सेकुलर फ्रंट बना तो मुस्लिम लीग केरला की तर्ज पर चुनाव लड़ेगी अगर कोई सेकुलर फ्रंट नहीं बना तो पूरे उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय कमेटी के निर्देश पर अकेले चुनाव लड़ेगी नगर निगम में एक ही टैक्स लगेगा अलग–अलग टैक्स नहीं देना होगा जैसे केरला में एक टैक्स पड़ता है उसी तरह से उत्तर प्रदेश में भी एक टैक्स जनता को देना होगा यह बातें उत्तर प्रदेश के इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के अध्यक्ष की तरफ से कही गई हैं।

## स्व0 कृष्ण लाल गुप्त के 32वी पुण्य तिथि पर लगा रक्तदान शिविर

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। आतंकवादियों के हाथों अपनी जान गवा देने वाले स्व कृष्ण लाल गुप्त के 32 वी पुण्य तिथि पर पूराबाजार के पंचायत घर पर बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 30 रक्तदाता रक्तदान कर महारानी बनें। राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में परमहंस आश्रम के महंत राम उजागिर दास जी महाराज व विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडेय व मेडिकल कालेज दर्शन नगर के बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ आनंद शुक्ला जी उपस्थित रहें। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने रक्तदान को सर्वोत्तम दान व सबसे पुनीत कार्य बताया। सूर्यकांत पाण्डेय ने पुरानी स्मृतियों को ताजा करते हुए कहा स्व कृष्ण लाल गुप्त हमारे सहपाठी थे और सेवा भावना उनमें कूट कूट कर भरी थी और शायद यही कारण था की वो पंजाब के लुधियाना जिले के जगरावो तहसील में 12 अप्रैल 1991 को आतंकवादियों से निहत्थे निहत्थे भिड़ गए जिसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। अतिथियों का स्वागत संस्था समाजसेवी राजेश चौबे जी ने अंगवस्त्र व माल्यार्पण से किया। संस्था संस्थापक आकाश गुप्त ने कहा की लोगों की सेवा की प्रेरणा उन्हें स्व पिता कृष्ण लाल गुप्त जी से विरासत में मिला



हुआ है और संस्था का एक मात्र उद्देश्य लोगों की सेवा करना है। मेडिकल कालेज दर्शन नगर के सहयोग से इस शिविर में दीपिका गुप्ता,समरेंद्र सिंह,सौरभ सिंह,गुलशन चौरसिया,प्रदीप सैनी,हिमांशु गुप्ता,आनंद मोदनवाल,कामता गुप्ता,राम भिखारी चौधरी,शरद गुप्ता,अमन मोदनवाल,राज कुमार,अमित चौरसिया,विजय किंग,प्रमोद सोनी,दर्शन गुप्ता, अमित गुप्ता,जगदंबा गुप्ता,राकेश चौरसिया,राहुल कुमार,अजय गुप्ता,आशीष गुप्ता अंकुर,गंगा राम चौधरी,सचिन मौर्य,पवन कुमार,उत्तम गुप्ता,राम कुमार मौर्य,विशाल गुप्ता व सूर्य प्रकाश गुप्ता ने ब्लड डोनेट किया। इस पुनीत अवसर पर मूक बधिर विद्यालय के प्रबंध डॉ प्रदीप तिवारी, वृद्ध सेवक अमरेश चंद्र मिश्र व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहें।

# रामपथ से सरिया चोरी में दो गिरफ्तार : ई रिक्शा बरामद

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। नगर कोतवाली पुलिस ने निर्माणाधीन रामपथ से सरिया के टुकड़े चोरी के आरोप मे ई रिक्शा समेत दो को गिरफ्तार किया है। बुधवार को नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि साहबगंज चौकी पुलिस ने जलकल आफिस के सामने से सरिया के कटे हुये 40 टुकड़े ले जा रहे ई रिक्शा सवार साहिद अली निवासी सदर बाजार थाना कैन्ट और दिलीप कुमार यादव निवासी मिर्जापुर थाना को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि सरिया के टुकड़े उन्होने निर्माणाधीन रामपथ से चुराया है और इसको बेचने के लिये जा रहे थे। प्रकरण




में दोनों के खिलाफ चोरी की धारा में केस दर्ज करवा चालान किया गया है तथा सरिया के टुकडो और ई रिक्शा को जब्त किया गया है।

## नाका हनुमानगढ़ी में अर्पित किए गए फूलों से अवध विवि निर्मित करेगा इत्र

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं हनुमानगढ़ी मंदिर नाका, अयोध्या के बीच तीन साल के लिए एमओयू किया गया। विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में बुधवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल व हनुमानगढ़ी मंदिर नाका, अयोध्या के मंहत रामदास के बीच अनुबंध किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन मंदिर से निकलने वाले फूलों का प्रयोग इत्र बनाने में करेगा। इससे युवाओं में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। मौके पर अविवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वोकेशनल पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए इत्र बनाने की विधि से प्रशिक्षित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के इत्र प्लांट में मन्दिर द्वारा दिए गए पुष्प से इत्र व अन्य सुगन्धित उत्पाद बनाये जायेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित उत्पाद की आपूर्ति भी की जायेगी। कुलपति ने बताया अयोध्या के मंदिरों में प्रतिदिन भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी मात्रा में पुष्प अर्पित किए जाते है। इसके बाद फूलों को इधर उधर निष्तारित कर दिया जाता है। इससे गंदगी एवं प्रदूषण बढ़ने लगती है। इन्हीं फूलों से विश्वविद्यालय के प्लांट में इत्र निर्मित किया जायेगा। हनुमानगढ़ी नाका के महंत रामदास ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा मंदिर में चढ़ाए गए फूल प्राप्त करने के लिए नाका हनुमानगढ़ी से एमओयू किया गया है। मंहत ने बताया कि प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी मात्रा में गेंदा, गुलाब, तुलसी अर्पित किए जाते है। इन्हीं निस्तारित फूलों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराया जायेगा। विश्वविद्यालय के इत्र प्लांट में इत्र एवं अन्य सुगन्धित उत्पाद निर्मित करेगा। पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान संस्थान के प्रो0 जसवंत सिंह ने कहा कि हनुमानगढ़ी मंदिर नाका, अयोध्या के बीच तीन वर्ष के लिए पुनः एमओयू किया गया। मंदिरों से निकलने वाले इत्र मंदिरों में आपूर्ति किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसमें वोकेशनल के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कराने के साथ रोजगारन्मुखी बनाना है। मौके पर मंदिर न्यासी संतोष मिश्रा, वेद प्रकाश, शिव भोला, श्रवण तिवारी, अजय तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# गोसाईगंज नगर पंचायत में महिलाएं दिखाएंगी अपना दमखम : 18 से शुरू होगी नामांकन प्रकिया

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।गोसाईगंज–अयोध्या। निकाय चुनाव का आगाज हो चुका है। अयोध्या जनपद में18अप्रैल से नामांकन की प्रकिया भी शुरू हो जाएगी। निकाय चुनाव में अध्यक्ष व सभासद पद के लिए भाजपा सहित अन्य दलों ने भी जिताऊ प्रत्याशी को चुनाव में उतारने के लिए जद्दोजहद करना शुरू कर दिया है। ऐसे में गोसाईगंज नगर पंचायत की बात करे तो इस बार इस नगर पंचायत में महिलाएं अपना दमखम दिखाएगी।नए आरक्षण के बाद गोसाईगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गया है।यंहा मतदाताओं की कुल संख्या 11157 है, जिसमे महिला 5253 व पुरूष 5904 है। हमेशा विनर रहने वाली पार्टी भाजपा दो बार से तीसरे पायदान पर पहुंच चुकी है।भाजपा इस बार पुनः अपने गढ़ को बचाने के लिए दमदार प्रत्यासी पर अपना दांव लगाने के लिए गुणा गणित बैठा रही है।वंही सपा भी अपनी इस विनर सीट पर कब्जा बरकरार रखने के लिए कोई कोर कसर नही रखेगी। प्रत्यासियो की बात करे तो अभी तक भाजपा से चार प्रत्यासी का नाम सामने आया है। जिसमे डा. विजयलक्ष्मी जायसवाल,सविता जायसवाल, रंजना मोदनवाल व राखी कसौधन का नाम है। सपा से निवर्तमान चेयरमैन रमेशचन्द्र कसौधन की पत्नी चुनाव लड़ सकती है।बसपा,कांग्रेस व आप पार्टी से अभी नाम आना जंहा बाकी है तो वंही हनुमानसोनी अपनी पत्नी मीरसोनी को निर्दल प्रत्यासी के रूप में मैदान में उतार रही है।वंही मतदाताओं का कहना है कि नगर पंचायत का अध्यक्ष व सभासद ऐसा हो जो स्वच्छ छवि वाला ईमानदार हो,जिसकी पकड़ शासन स्तर तक हो,क्योकि जब उसकी अच्छी पकड़ शासन तक रहेगी तभी नगर पंचायत में विकास होगा।इसके साथ ही वह आमजन के साथ हमेशा खड़ा रहे।

# जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे पनप रही लिफाफा संस्कृति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे पनप रही लिफाफा संस्कृति के कारण शासन को गुमराह करने की परंपरा के चलते अयोध्या जनपद में इनायत नगर थाने की पुलिस ने उप जिला अधिकारी बीकापुर व माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया है! मामला इनायत नगर थाना क्षेत्र की चौकी बारून अंतर्गत हल्ले द्वारिका पुर पूरे पंडित का है। अपने 10–20हजार रिश्वत के चक्कर में पुलिस कर्मचारियों ने अधिकारियों को इस तरह गुमराह किया कि फसल काटने का आदेश होने के बावजूद गन्ने की फसल दो एकड़ दो साल खेत में खड़ी सूखती रही जिससे किसान का लाखों रूपये का नुकसान हुआ है । विगत पेराई सीजन में की गई शिकायत में सी ओ मिलकीपुर रहे सत्येदर भूषण तिवारी ने रिपोर्ट लगाया कि विवाद के कारण फसल समय से नहीं कट पाने के बाद उपजे आक्रोश में शिकायत की गयी है किसान अपनी फसल काट सकता है ।परंतु चालू पेराई सीजन में तो अभी मिल चल रही है ।जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई पी एस मुनिराज को प्रार्थना पत्र देकर फसल काटने में बाधा उत्पन्न करने वाले अपराधियों व पुलिस कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की माँग की गयी है। गन्ने की फसल खेत में खड़ी सूख रही है।

# जनपद में 17 से 24 अप्रैल के बीच प्रत्याशी दाखिल कर सकेंगे अपना नामांकन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद में 17 से 24 अप्रैल के बीच प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से 16 अप्रैल को सार्वजनिक सूचना भी जारी कर दी जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच 25 अप्रैल को और नाम वापसी 27 अप्रैल को होगा। चुनाव चिन्ह का आवंटन 28 अप्रैल को होना है। अयोध्या जनपद में द्वितीय चरण में 11 मई को वोट डाले जाएंगे और 13 मई को मतगणना के बाद नतीजे आएंगे। नगरपालिका व नगर पंचायतों में कुल 169 वार्ड और 169 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जबकि 467 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। नगर निगम में 60 वार्डों में चुनाव होगा। नगर निगम क्षेत्र में 91 मतदान केंद्र और 279 मतदान स्थल बनाए गए हैं। नगर निगम का चुनाव ईवीएम से होगा जबकि नगर पालिका परिषद रुदौली और छह अन्य नगर पंचायतों में बैलेट पेपर से मतदान कराया जाएगा।

## गौशाला में लगी आग : तीन पशु झुलसे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इनायतनगर थाना क्षेत्र की पालिया जगमोहन सिंह पूरे धौकल गांव निवासी भगवानदीन की गौशाला में मंगलवार रात अज्ञात कारणों से लगी आग की चपेट में आने से दो गाय और एक भैंस बुरी तरह झुलस गई। वहीं पूराकलंदर के भी एक गांव में आग लगने से दो पशु झुलस गए। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत पलिया जगमोहन सिंह पूरे धौकल में मंगलवार रात को भगवानदीन की गौशाला में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। क्षेत्रीय लेखपाल ने आकलन रिपोर्ट तहसील के आपदा विभाग को भेज दिया है। पीड़ित ने बताया गौशाला में रखा गृहस्थी का कुछ सामान भी जलकर राख हो गया है। वहीं पूराकलंदर थाना क्षेत्र के नरियावां मजरे बाबा का पुरवा में भी मंगलवार रात सरिया में अचानक लगी आग से एक भैंस व गाय गंभीर रूप से झुलस गई है। अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। पीड़ित शिव शंकर यादव ने बताया आग की चपेट में आकर सरिया में रखा चारा काटने की मशीन, भूसा, भूसा में रखा अनाज आदि जलकर राख हो गया। बुधवार सुबह लेखपाल धर्मेंद्र कुमार ने क्षति की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी है।

# दलित शिक्षक की हत्या में प्रधान गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) महाराजगंज थाना पुलिस ने दलित शिक्षक की हत्या में साजिश रचने के आरोपी प्रधान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान किया है। मवार को अपने स्कूल दूधनाथ लघु माध्यमिक विद्यालय नेवकबीरपुर से दोपहर बाद वापस लौट रहे थाना क्षेत्र के अमौनी गांव के पूर्व प्रधान व सहायक अध्यापक दुष्यंत कुमार पर अलनाभारी रेलवे क्रासिंग के निकट बाइक सवार युवकों ने हमला कर हाथ–पैर तोड़ दिया था और गंभीर रूप से घायल कर दिया था। शिक्षक की पत्नी ने गांव के प्रधान पर हमले की साजिश का आरोप लगाते हुए उसके बेटे समेत अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिला अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद अगले दिन दोपहर शिक्षक की मेडिकल कॉलेज में मौत होने के बाद पुलिस ने प्रकरण में हत्या की धारा बढ़ाई। सीओ सदर संदीप सिंह का कहना है कि विवेचना व कार्रवाई में जुटी महाराजगंज थाना पुलिस ने एक आरोपी संतोष कुमार सिंह निवासी अमौनी थाना महाराजगंज को अलनाभारी रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने चालान किया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।